गुजरात के ग्रामीण क्षेत्रों के लिये संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात कोष/विश्व बैंक की सहायता

409. **श्री गोपाल सिंह जी० सोलंकी:** क्या ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) गुजरात में जिला-वार किन-किन परियोजनाओं को संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय बाल आपात कोष/विश्व बैंक की सहायता से कार्यान्वित किया जा रहा है;

(ख) संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपात कोष और विश्व बैंक ने सहायता प्रदान करने के लिए क्या मानदंड अपनाए हैं;

(ग) इस क्षेत्र में कब से सहायता मिल रही है और पिछले तीन वर्षों के दौरान अभी तक वर्ष-वार एवं जिला-वार कितनी विदेशी सहायता दी जा चुकी है; और

(घ) इस सहायता से अब तक कौन-कौन से कार्यक्रमों को क्रियान्वित किया गया है?

ग्रामीण क्षेत्र और रोजगार मंत्रालय (ग्रामीण विकास विभाग) में राज्य मंत्री (श्री उत्तम भाई एच० पटेल): (क) से (घ) यूनीसेफ और विश्व बैंक द्वारा सहायता उपलब्ध कराने के मानदंड मंत्रालय के ग्रामीण विकास कार्यक्रमों को अनुपूरित करने की सामान्य नीति पर आधारित है जो राज्य सरकारों के विशेष प्रस्तावों, क्षेत्र की आवश्यकताओं और प्राथमिकताओं के अनुसार होते हैं।

गुजरात राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं के ब्यौरे विवरण-I में दिए गए हैं। **(नीचे देखिए)**

जहां तक यूनीसेफ का संबंध है, सहायता 1982-83 से ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा से नीचे (डवांकरा समूह) बसर कर रही महिलाओं और शिशुओं के विकास के लिए उपलब्ध कराई जा रही है। 25,000 रुपये की आवर्ती निधि की धनराशि प्रत्येक समूह को आय सृजन करने वाली गतिविधियों को शुरू करने हेतु जिला ग्रामीण विकास एजेंसी की मार्फत उपलब्ध कराई जा रही है। यूनीसेफ लागत के 20% अंश की प्रतिपूर्ति कर रहा है। आवर्ती निधियों के संबंध में गुजरात राज्य में विगत तीन वर्षों के दौरान यूनीसेफ द्वारा दी गई सहायता के जिले-वार ब्यौरे विवरण-II में दिए गए हैं।

विवरण-I

गुजरात राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में क्रियान्वित की जा रही पेयजल परियोजनाएं

(लाख रुपये में)

	टाइम प्लान		सकल अनुमानित लागत रुपये	जुलाई, 1995 तक % में भौतिक प्रगति	1992-93 के दौरान खर्च रुपये	1993-94 के दौरान खर्च रुपये	1994-95 के दौरान खर्च रुपये
	प्रारंभ	समाप्त					
1	2	3	4	5	6	7	8
क. क्षेत्रीय ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाएं							
ऊना-मंडल	7/88	पूर्ण	697.07	98%	66.86	78.03	0.00
कांडलागोंधीधाम	3/88	पूर्ण	541.08	88%	12.51	48.23	28.87
खादिर	4/88	12/95	1000.15	96%	276.20	568.34	73.61
भादर	4/88	पूर्ण	525.07	97%	37.53	80.01	16.02
ओखा-मंडल	4/88	03/96	1480.00	89%	171.84	119.65	48.61
क. का उपयोग			4243.37		564.94	878.26	167.11
ख. व्यक्तिगत जल ग्रामीण जल आपूर्ति योजनाएं							
6 इंच डायमीटर ट्यूबवैल	4/87	पूर्ण	3215.46		8.50	0.00	0.00
8 इंच डायमीटर ट्यूबवैल	4/87	पूर्ण			45.50	0.00	0.00

1	2	3	4	5	6	7	8
ख. का उपयोग			3215.46	100%	54.00	0.00	0.00
ग. विविध							
कम लागत के शौचालय	4/89		1903.87	109%	436.53	446.18	165.92
वर्षा जल एकत्रीकरण ढांचे		पूर्ण	130.00	108%	73.73	51.51	19.39
ग. का उपयोग			2033.87		510.26	497.69	185.31
घ. मेहसाना फलोराइड परियोजना हेतु अध्ययन							
			140.00	50%	3.61	94.25	84.25
घ. का उपयोग			140.00				
ङ. महा योग			9632.70		1129.20	1460.20	436.67

विवरण-II

यूनिसेफ द्वारा गुजरात राज्य को पिछले तीन वर्षों के दौरान दी गई सहायता

(रुपये लाख में)

	1993-94	1994-95	1995-96
अहमदाबाद	1.25	—	1.50
जूनागढ़	—	—	1.50
पंचमहल	1.25	1.08	1.50
भड़ोच	—	—	1.50
सुन्दर नगर	—	—	1.50
बनास कांठा	1.25	—	1.50
कच्छ	1.25	—	1.50
सूरत	—	—	1.50
अमरेली	—	—	1.50
मेहसाना	—	—	1.50
बलसाड	—	6.50	1.50
साबरकांठा	—	0.50	1.50
बड़ोदरा	1.25	0.50	1.50
जामनगर	—	—	1.50
डांग्स	2.50	0.50	1.50
गांधी नगर	2.50	—	1.50
खेड़ा	—	—	1.50
राजकोट	2.50	—	1.50
	—	—	1.50